रोचक

# विश्व की सबसे लंबी नदी नील

बच्चों, तुमने अपनी जीके या जियोग्राफी की किताब में विश्व की सबसे लंबी नील नदी के बारे में जरूर पढ़ा होगा। अफ्रीका महाद्वीप के उत्तर-पूर्वी हिस्से में बहने वाली इस नदी से जुड़ी कुछ महत्वपूर्ण बातों के बारे में हम यहां बता रहे हैं।



बच्चों, नील नदी को अरबी भाषा में बहर अल-नील या नहर अल-नील कहते हैं। इसकी कुल लंबाई 6,650 किलोमीटर यानी 4,130 मील है। नील नदी एक अंतरराष्ट्रीय नदी है, जो ग्यारह देशों (जिनमें तंजानिया, यूगांडा, रवांडा, बुरुंडी, कांगो, केन्या, इथोपिया, इरिट्रीया, दक्षिणी सूडान, सूडान, और इजिप्ट शामिल हैं) से होकर



गुजरती है। इन सभी देशों, खासकर इजिप्ट और सूडान के प्रमुख जल स्रोत होने के कारण नील नदी को वहां की जीवनरेखा भी कहते है।

## नील नदी का सफर

नील नदी, अफ्रीका की सबसे बड़ी झील विक्टोरिया लेक से निकलती है। यूगांडा के जिंजा के नजदीक रिप्पल फॉल के पास विक्टोरिया लेक से निकलकर नील नदी आगे बढ़ती है। वहां इस नदी को विक्टोरिया नील कहते हैं। जिंजा से निकलकर नील लंबी दूरी तय करती हुई लेक अल्बर्ट में मिल जाती है। लेक अल्बर्ट से आगे बढ़ते ही नील अल्बर्ट नील के नाम से जानी जाने लगती है। यूंगाडा से बहकर नील दक्षिण सूडान में प्रवेश करती है। वहां इसे बहर अल-जबल या माउंटेन नील कहते हैं। बहर अल-जबल लेक नो के पास बहर अल-गजल से मिलने के बाद इस नदी का नाम बहर अल-अब्याद या व्हाइट नील हो जाता है। सूडान में प्रवेश के बाद व्हाइट नील खारतूम के उत्तर में ब्ल्यू नील से मिलती है और नील नदी बन जाती है। खारतूम से बहकर नील नदी सूडान के उत्तर में नसीर लेक से मिल जाती है, जिसका अधिकांश हिस्सा इजिप्ट में है। इस तरह से यह नदी इजिप्ट में पहुंच जाती है। इजिप्ट की धरती को सींचती हुई, नील उत्तरी इजिप्ट के नील डेल्टा से होती हुई मध्य सागर में मिल जाती है।

### रोचक तथ्य

- जिस इजिप्ट में नील नदी को वहां का वरदान कहा जाता है, वहां इस नदी का केवल 22 प्रतिशत हिस्सा ही गुजरता है।
- कैरो, खारतूम, गोंडोकोरो, अस्वान, कर्नाक, थेबेस और एलेक्जेंड्रिया शहर नील नदी के किनारे बसे हुए हैं।
- नील नदी की दो प्रमुख सहायक नदियां हैं, ब्ल्यू नील और व्हाइट नील। नील नदी का अधिकांश भाग ब्ल्यू नील से मिलकर बनता है। इस नदी के कुल जल का 50 प्रतिशत हिस्सा ब्ल्यू नील से आता है और 15 प्रतिशत व्हाइट नील से आता है।
- व्हाइट नील का पानी सिल्ट की उपस्थिति के कारण सफेद होता है।
- व्हाइट नील की उत्पत्ति विक्टोरिया लेक से होती है और ब्ल्यू नील की इथियोपिया के नजदीक ताना लेक से। ये दोनों नदियां सूडान में आकर आपस में मिल जाती हैं और उत्तर दिशा की ओर बहने लगती हैं। *

क्या तुम जानते हो

# अंधेरे में कैसे उड़ता है चमगादड़

बच्चों, तुमने अपनी साइंस बुक में चमगादड़ के बारे में पढ़ा होगा कि ये रात में तेज रफ्तार से उड़ते हैं। तुम सोचते होगे कि चमगादड़ अंधेरे में तेजी से कैसे उड़ लेते हैं, वह भी किसी चीज से टकराए बिना? इसी का पता लगाने के लिए चमगादड़ पर अनेक अध्ययन और प्रयोग किए गए। एक प्रयोग में



एक कमरे की छत से बहुत सारी रस्सियां पास-पास टांगी गईं। फिर कई चमगादड़ों की पलकों को बंद करके उन्हें कमरे में छोड़ दिया। लेकिन चमगादड़ किसी अवरोध से टकराए बिना अपनी सामान्य स्पीड से उड़े। इससे यह साबित हुआ कि उड़ने के लिए वे अपनी आंखों पर निर्भर नहीं हैं। अगले प्रयोग में वैज्ञानिकों ने चमगादड़ों के मुंह और कानों को भी बंद कर दिया और उन्हें उसी कमरे में उड़ने के लिए छोड़ दिया। इस बार वे कई-कई बार अवरोधकों से टकराए। इससे यह मालूम पड़ा कि उड़ते वक्त चमगादड़ निरंतर इतनी तेज आवाज निकालते हैं कि उसे इंसानी कान सुन नहीं सकता। यह हाई फ्रीक्वेंसी की आवाज जब चमगादड़ के रास्ते में आए अवरोध से टकराकर प्रतिध्वनित होती है तो उसके कान उसे सुन लेते हैं। फिर चमगादड़ के पर, इन सिग्नलों के आधार पर ऑटोमेटिक प्रतिक्रिया करते हैं। इस तरह वे राह बदलकर अवरोधों से अपने आपको बचा लेते हैं। हां, शिकार को पहचानने और उसका पीछा करने के लिए चमगादड़ अपनी आंखों का प्रयोग करते हैं। *

- बालभूमि फीचर्स

जीके क्विज

1. भारत की किस नदी को दक्षिण की गंगा कहा जाता है?
2. निर्विरोध चुने जाने वाले भारत के एकमात्र राष्ट्रपति कौन थे?
3. सौर मंडल में पृथ्वी के सबसे नजदीक कौन-सा ग्रह है?
4. इंसान की आंख में किसी वस्तु का प्रतिबिंब कहां बनता है?
5. सूर्य से पृथ्वी पर ऊष्मा का संचरण किस विधि के द्वारा होता है?
6. डीएनए की द्विगुणित कुंडली का पता किसने लगाया?
7. मधुमक्खी पालन क्या कहलाता है?
8. हमारे ब्लड में कौन-से धातु का अणु पाया जाता है?



9. भारत में बना अब तक का सबसे लंबा बांध कौन-सा है, जो उत्तराखंड राज्य में स्थित है?
10. अरब सागर की रानी किस नगर को कहा जाता है?

उत्तर: 1-गोदावरी, 2-नीलम संजीव रेड्डी, 3-बुध, 4-रेटिना में, 5-विकिरण, 6-वाटसन और क्रिक, 7-एपीकल्चर, 8-लोहा, 9-टिहरी बांध, 10-कोच्चि

## अंकयोग

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 21 |
| | | 8 | | 4 | 21 |
| | 2 | | 6 | | 18 |
| 7 | | 5 | | | 33 |
| | | 1 | | 3 | 17 |
| 1 | 2 | | 4 | | 15 |
| 22 | 14 | 21 | 25 | 22 | 17 |

**खेलने के नियम**

इस पहेली में आपको सफेद रिक्त खानों में सही अंक भरने हैं। रंगीन खाने में लिखे अंक सफेद खानों के ऊपर से नीचे, बाएं से दाएं और तिरछे खानों के अंकों का योग है। सफेद खानों में आप 1 से 9 तक के अंक ही प्रयोग में ला सकते हैं।

**अंकयोग का उत्तर**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 21 |
| 3 | 1 | 8 | 5 | 4 | 21 |
| 5 | 2 | 4 | 6 | 1 | 18 |
| 7 | 4 | 5 | 8 | 9 | 33 |
| 6 | 5 | 1 | 2 | 3 | 17 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 15 |
| 22 | 14 | 21 | 25 | 22 | 17 |

## रंग भरो-6

रंग भरो-6 में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





आस्तिका, चांपा



सूर्यांश, बिलासपुर



ईशु, धमतरी



द्रोण, दुर्ग



शिवांशु, बिलासपुर



प्रतीक, रायपुर

**इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय**

अंशिका-रायगढ़, अनुराग-रायपुर, देवांश-बेमेतरा, निकुंज-बिलासपुर, श्रेया-बिलासपुर, तरूण-रायगढ़, विशाल-धमतरी, अनिका-भिलाई, कार्तिकेय-कोरिया, प्रियांशी-डोंगरगढ़, खुशी-भोपाल, अंकित-राजनांदगांव, भावना-रोहतक

## खोजो तो जरा

बच्चों, नीचे दिए गए फिशिंग के चित्र में अंग्रेजी के छह शब्द छिपे हुए हैं। जल्दी से इन्हें खोजो तो जरा।



उत्तर: tree, fish, boy, hot, wave, nice

## चित्र पूरा करो

बच्चों, पेंसिल की सहायता से 1 से 20 तक के बिंदुओं को मिलाकर देखो, तुम्हारे सामने किस जंतु का चित्र उभरता है। इसके बाद उसे मनचाहे रंगों से रंग भी सकते हो।




# मनोरंजन

# रोज कर रहीं घुड़सवारी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

जैकलीन फर्नांडीस लॉकडाउन के बाद से ही सलमान खान के स्थित फार्महाउस में हैं। जैकलिन फर्नांडीस वहीं से अपने दो सॉन्ग भी रिलीज कर चुकी हैं और अकसर उनके वीडियो और फोटो भी सोशल मीडिया पर वायरल होते रहते हैं। हाल ही नें जैकलीन फर्नांडीस ने साझा किया कि लॉकडाउन के दौरान वह कैसे काम कर रही हैं और फिट तथा प्रोडक्टिव बनी हुई हैं। एक मैगजीन के साथ इंटरव्यू में फर्नांडीस ने बताया, 'अभी मैं एक फार्म में हूं और भाग्यशाली हूं कि लॉकडाउन की घोषणा से पहले ही मैं यहां आ गई थी। यह दो महीने अच्छे रहे हैं, यहां माहौल बेहद अच्छा है। अच्छी ताजी हवा है।' जैकलीन फर्नांडीस अपनी दैनिक गतिविधियों के बताती हैं, 'मैं रोजाना सुबह और शाम घुड़सवारी करती हूं, यह मुझे वास्तव में बहुत पसंद है। मैं वर्कआउट कर रही हूं और योग तथा ध्यान में समय गुजार रही हूं। मैं रीडिंग करने की भी कोशिश कर रही हूं। मैं जितना संभव हो उतने कोर्स करने की कोशिश कर रही हूं तो फिलहाल मैं एक हिंदी का कोर्स कर रही हूं और साथ ही एडिटिंग का कोर्स भी कर रही हूं, जिससे मुझे अपने ब्लॉग बनाने और पूरी प्रक्रिया को समझने में मदद मिल रही है। हम ऐसी स्थिति में हैं, जहां मेरे साथ मेरी टीम नहीं है इसलिए बहुत सी चीजें मुझे अपने दम पर करने की जरूरत है और मैं अपना काम पूरा कर रही हूं।' लॉकडाउन के दौरान जैकलीन फर्नांडीस किस तरह अपना काम कर रही हैं। इस बारे में बात करते हुए, अभिनेत्री आगे कहती हैं, 'हम भाग्यशाली हैं कि हमारे पास अभी जूम है, इसलिए हम अपनी कॉन्फ्रेंस मीटिंग कर सकते हैं यानी हमें शारीरिक रूप से मौजूद होने और मीटिंग्स के लिए ऑफिस जाने की जरूरत नहीं है।



# लहरी ने खुद के काटे बाल

**मुंबई।** लॉकडाउन में हर कोई अपने घर में है। हालांकि, अनलॉक-1 की शुरुआत होते ही धीरे-धीरे बाजार में चहलकदमी दिखने लगी है, लेकिन कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों और रेड जोन में अभी भी लोग घरों में ही बंद हैं। ब्यूटी पार्लर और सलॉन बंद हैं। ऐसे में बहुत से सिलेब्रिटीज ने खुद ही अपने बाल काटे। इस कड़ी में अब 'रामायण' के 'लक्ष्मण' सुनील लहरी का नाम भी शामिल हो गया है। सुनील लहरी ने भी अपना लुक बदल लिया है। उन्होंने एक प्यारी सी चुटिया रख ली है। ट्विटर पर शेयर की फोटो'रामायण' के री-टेलिकास्ट और शो की अपार सफलता के बाद से सुनील सोशल मीडिया पर खासे ऐक्टिव हैं।

# रुबीना बनेंगी 'माँ वैष्णो देवी'

**मुंबई।** लम्बे लॉकडाउन के बाद सरकार द्वारा दी गई गाइडलाइन्स के साथ एक बार फिर सभी टीवी शोज़ शूट पर लौटने के लिए बिलकुल तैयार हैं। स्टार भारत का चर्चित 'जग जननी माँ वैष्णो देवी' शो जल्द ही दर्शकों के मनोरंजन के लिए आपके टीवी स्क्रीन पर लौटेगा, लेकिन खबर है कि



दर्शकों को इस बार शो में नई माँ वैष्णो देवी देखने को मिलने वाली हैं। इससे पहले माँ वैष्णो देवी का किरदार एक्ट्रेस पूजा बैनर्जी निभा रही थी जिन्होंने पर्सनल कमिटमेंट्स के चलते इस शो को अलविदा कह दिया है। ऐसे में अब मेकर्स नई माँ वैष्णो देवी की तलाश में हैं। ख़बरों के अनुसार माँ वैष्णो देवी के किरदार के लिए प्रतिभाशाली अभिनेत्री रुबीना दिलाइक को नई माँ वैष्णो देवी के लिए चुना गया है और इससे जुड़ा कॉन्ट्रैक्ट भी उन्होंने साइन कर दिया है। रुबीना ने इससे पहले भी कई बेहतरीन किरदार निभाए हैं और उन्होंने माइथो शो 'देवों के देव महादेव' में भी माँ सीता का किरदार उम्दा निभाया था और अपने फैन्स से उन्होंने खूब तारीफ बटोरी थी। इसलिए माँ वैष्णो देवी के किरदार के लिए मेकर्स को रुबीना पर पूरा भरोसा था। ऐसे में अब रुबीना एक बार फिर नए किरदार में दर्शकों से उनके टीवी स्क्रीन पर मिलने को तैयार हैं। वहीं अब रुबीना, माँ वैष्णो देवी के किरदार से न सिर्फ दर्शकों का दिल जीतेंगी बल्कि उनके फैन्स उन्हें इस नए अवतार में देख खुशी से झूम उठेंगे।

**CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.**
**(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN: U40108CT2003SGC015821**

No.15-06/S&P/EE-IV/P/T-123/2020/1944 Marwa, Dtd.22.06.2020

**E-TENDER NOTICE NO. TN-105/2020**

Online bids are invited by the undersigned through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from manufacturer/authorized dealer/authorised channel partner/Supplier for supply of material as mentioned below for ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa:-

| S. No | Tender Specification No. RFx No. (E-Tender No.) | Particulars | Last Date/Time of submission of bid. | Tender Fee (Rs.) | EMD (Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | 15-06/ S&P/ EE-IV/P/ T-123/20 8100017872 | Supply of Ethical Branded Medicine at CSPGCL Hospital, 2x500 MW, ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa. | 23.07.2020 15:30 Hrs | Rs. 590/- (500 + GST @18%) | 8,000 /- |

The bidder shall deposit the requisite Tender Fee & EMD amount online through our e-bidding portal before due date and time. For other details, please visit our website www.cspc.co.in/CSPGCL/Ebidding/Ebidding web portal.

Mobile No. - 9407605001
SUPERINTENDING ENGINEER (PROCUREMENT)
O/o The Addl. Chief Engineer (S&P) ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa

// SAVE ELECTRICITY FOR THE BENEFIT OF SELF & NATION //

**न्यायालय नायब तहसीलदार दीपका, जिला-कोरबा (छ.ग.)**

**नोटिस**

रा.प्र.क्र. 02/अ-62/2019-20

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक संस्था महाप्रबंधक एस.ई.सी.एल. कुसमुण्डा क्षेत्र के द्वारा अपने पत्र क्रमांक एसईसीएल/जीएम/केए/19-20 दिनांक 16/04/2020 के माध्यम से एसईसीएल कुसुण्डा क्षेत्र द्वारा बरपाली, जरहाजेल, दुरपा, गेवरा, खम्हरिया की अर्जित भूमि पर कुसमुण्डा परियोजना के अंतर्गत 33 केव्ही के 03 सब-स्टेशन एवं डीसीडीएस लाइन कॉरिडोर के निर्माण कार्य तथा पुनर्वास ग्राम वैशाली नगर के दूसरे चरण के विस्तार हेतु मौजूद तकरीबन 1237 वृक्षों के विदोहन की अनुमति हेतु आवेदन दिया गया है, जो जाँच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह दिनांक 6/7/2020 तक न्यायालयीन समय में अपना दावा आपत्ति पेश कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जाएगा। आज दिनांक 19/06/2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया।

दिनांक- 19/06/2020
स्थान- दीपका

नायब तहसीलदार
दीपका, जिला- कोरबा (छ.ग.)

**केएसके महानदी पावर कम्पनी लिमिटेड**
**(कॉर्पोरेट दिवालियापन प्रस्ताव प्रक्रिया के तहत)**
**रुचि की अभिव्यक्ति के जमा हेतु समयावधि का विस्तार**

केएसके महानदी पावर कम्पनी लिमिटेड ("केएसकेएमपीसीएल") के मामले में प्रस्ताव योजनाएं जमा करवाने हेतु संभाव्य प्रस्ताव आवेदकों से "रुचि की अभिव्यक्ति" (ईओआई) आमंत्रण हेतु सूचना, जो दिवालियापन एवं बैंक्रप्सी कोड, 2016 की धारा 25 (2)(एच) के प्रावधानों के सम्बन्ध में 08 जनवरी 2020 को "दि इकोनॉमिक टाइम्स" और अन्य क्षेत्रीय समाचार-पत्रों में प्रकाशित की गई थी और 21 जून 2020 तक ईओआई जमा करवाने की तिथि के विस्तार हेतु सूचना 01 जून 2020 को प्रकाशित की गई थी।

संभाव्य प्रस्ताव आवेदकों से ईओआईएस की प्राप्ति की अन्तिम तिथि 31 जुलाई 2020 को अप. 6:00 बजे आईएसटी तक आगे विस्तारित की गई है।

अद्यतन प्रपत्र जी और "ईओआई प्रक्रिया दस्तावेज" कम्पनी वेबसाइट [http://ksk.co.in/kmpcl] पर अपलोड कर दिया गया है। अद्यतन प्रपत्र जी आईबीबीआई वेबसाइट [https://ibbi.gov.in/resolution-plans] पर भी प्रकाशित किया जाएगा।

किसी स्पष्टीकरण अथवा अधिक जानकारी हेतु कृपया निम्नलिखित प्रक्रिया विशिष्टी ई-मेल पतों rp.kskmahanadi@gmail.com और ip.mk.ksk@pwc.com को लिखें।

हस्ता/-
सुमित बिनानी
केएसके महानदी पावर कम्पनी लिमिटेड के प्रस्ताव व्यवसायी
पंजी. सं.: IBBI/IPA-001/IP-N00005/2016-17/10025
पता : चतुर्थ तल, कमरा नं. 6, कॉमर्स हाउस, 2ए गणेश चन्द्र एवेन्यू, कोलकाता-700013
Email: sumit_binani@hotmail.com

दिनांक : 24.06.2020
स्थान : कोलकाता

**छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड**
ब्लॉक -7-ए, द्वितीय तल,ऑफिस कॉम्प्लेक्स,सेक्टर-24, अटल नगर, मुख्यालय-रायपुर
GST.No.22AACCC1772C1ZB

क्रमांक/सामान्य/निवि.प्रका./2020/79 रायपुर,दिनांक-22/06/2020

-// निविदा सूचना //-

निगम मुख्यालय में सिक्युरिटी व्यवस्था हेतु छ.ग. राज्य के प्रतिष्ठित लाईसेंस-धारक निविदादाता से निर्धारित प्रारूप में दरें दिनांक 13.07.2020 को दोपहर 1:00 बजे तक सीलबंद लिफाफे में आमंत्रित की जाती है। प्रारूप,नियम,शर्तें एवं अन्य विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर प्राप्त की जा सकती है अथवा शासन के वेबसाईट https://www.cgstate.gov.in पर भी देखा जा सकता है। प्रस्तुत निविदा के साथ रू.10.000/- (दस हजार मात्र) अमानत राशि निविदाकार द्वारा जमा किये जावेंगे। निविदा फार्म निःशुल्क है।

1. निविदा दिनांक 13.07.2020 को ही समय 1:00 बजे दोपहर तक जमा की जावेगी।
2. निविदा खोलने की तिथि- 13.07.2020 समय - 3:00 बजे दोपहर स्थान मुख्यालय नया रायपुर

किसी भी निविदा को बिना कारण बताये मान्य अथवा अमान्य किये जाने का अंतिम अधिकार प्रबंध संचालक के पास होगा।

संवाद-25779/1 (प्रबंध संचालक महोदय द्वारा अनुमोदित) (प्रबंध सामान्य)

**छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड**
ब्लाक 7-ए. द्वितीय तल, ऑफिस कॉम्पलेक्स, सेक्टर-24, अटल नगर, नवा रायपुर, मुख्यालय-रायपुर

क्रमांक/मक्का उपार्जन/निविदा/2020-21/65 अटल नगर, दिनांक 23/06/2020

**ई-निविदा सूचना**

निगम द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2019-20 में उपार्जित मक्का (जहां है, जिस स्थिति में है के विक्रय ई-निविदा द्वारा किये जाने हेतु प्रतिष्ठित निविदाकारों/संस्थानों से ऑनलाईन निविदा दरें दिनांक 27/07/2020 सायं 5.00 बजे तक आमंत्रित किया जाता है।

| Seq No. | NAN | Start | |
|---|---|---|---|
| 1 | Bid Start date | 24/06/2020 | 11.00 AM |
| 2 | Bid Due date | 27/07/2020 | 5.00 PM |
| 3 | Bid Open date from | 28/07/2020 | 11.00 AM |

ई-निविदा के नियम शर्तें एवं विस्तृत जानकारी वेबसाईट http://eproc.cgstate.gov.in एवं राज्य सरकार के वेबसाईट www.cgstate.gov.in पर उपलब्ध है।

किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत अथवा अस्वीकृत किये जाने का अंतिम अधिकार प्रबंध संचालक को रहेगा।

S-25775/2 प्रबंध संचालक

**अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, रायपुर**
टाटीबंध, जी.ई. रोड, रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492099

क्र.07/01/2020/एम्स रायपुर (अकादमिक) दिनांक 23.06.2020

**डी.एम. प्रवेश अधिसूचना-2020**

एम्स, रायपुर, छत्तीसगढ़ शिशु रोग विभाग में तीन वर्षीय डीएम शिशु रोग आपातकालीन मेडिसिन पाठ्यक्रम (सीट-01) के जुलाई सत्र 2020 के प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र एम्स रायपुर की वेबसाइट पर 22.06.2020 से उपलब्ध होगा। ऑनलाइन प्रपत्र एवं आवेदन शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 11.07.2020

प्रवेश परीक्षा (लिखित) 23.07.2020 को प्रातः 10 बजे से 11.30 बजे तक और विभागीय मूल्यांकन 24.07.2020 को प्रातः 10 बजे से एम्स रायपुर में होगा।

सभी आवेदकों से अनुरोध है कि वे विस्तृत जानकारी के लिए एम्स रायपुर की वेबसाइट www.aiimsraipur.edu.in का अवलोकन करें। सभी अनुवर्ती शुद्धिपत्र/परिशिष्ट/अद्यतन जानकारी केवल एम्स रायपुर की वेबसाइट पर उपलब्ध होगी।

- अधिष्ठाता (अकादमिक)

**मोनेट इस्पात एंड एनर्जी लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालयः मोनेट मार्ग, मंदिर हासौद, रायपुर -492101 (छत्तीसगढ़)
दूरभाष :+91 771 2471 334 : फैक्स : +91 771 2471250
कार्पोरेट कार्यालयः आर्ट गिल्ड हाउस, ए-विंग, द्वितीय तल, यूनिट नं.-13, फीनिक्स मॉल कंपाउंड, एलबीएस मार्ग, कुर्ला वेस्ट, मुम्बई-400070 (महाराष्ट्र)
ईमेल : isc_miel@aionjsw.in वेबसाइट : www.aionjsw.in
दूरभाष : +91. +91.22.68826700; सीआईएनः L02710CT1990PLC009826

**30वीं वार्षिक सामान्य बैठक के विषय में सदस्यों को सूचना**

एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि कम्पनी के सदस्यों की 30वीं वार्षिक सामान्य बैठक ('एजीएम') का आयोजन भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड द्वारा जारी परिपत्र नं. SEBI/HO/CFD/CMD1/CIR/P/ 2020/79 दिनांक 12 मई, 2020 (सेबी परिपत्र) और कम्पनी मामलों का मंत्रालय द्वारा जारी सामान्य परिपत्र नं. 20/2020 दिनांक 05 मई 2020 और सामान्य परिपत्र नं. 14/2020, दिनांक 08 अप्रैल 2020, सामान्य परिपत्र नं. 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल, 2020 क्रमशः (एमसीए परिपत्र) के साथ पठित कम्पनी अधिनियम 2013 के लागू प्रावधानों के अनुसार में वीडियो कांफ्रैंसिंग (वीसी)/अन्य ऑडियो विजुअल साधनों (ओएवीएम) के माध्यम से बुधवार, 22 जुलाई 2020 को दोपहर 2.30 बजे भारतीय मानक समय (आईएसटी), किसी स्थान पर सदस्य की भौतिक उपस्थिति के बिना आमन्त्रित की गई है।

30वीं एजीएम आयोजित करने की सूचना और विवरणात्मक कथन (सूचना) और वित्तीय वर्ष 2019-2020 के लिए कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट जिसमें कंपनी के स्टैंडअलोन और समेकित वित्तीय विवरण, निदेशक मंडल और लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट ("वार्षिक रिपोर्ट ') सदस्यों को केवल ई-मेल द्वारा भैजी जाएगी, जिनके ई-मेल पते एमसीए परिपत्र और सेबी परिपत्र के अनुसार कम्पनी / डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स ("डीपी') के पास पंजीकृत हैं। सदस्य केवल वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से 30वीं एजीएम में शामिल हो सकते हैं और भाग ले सकते हैं। एजीएम में ई-वोटिंग के माध्यम से वोट देने अथवा दूरस्थ ई-वोटिंग में भाग लेने और एजीएम में शामिल होने के लिये विस्तृत निर्देश 30वीं एजीएम की सूचना में उपलब्ध करवाए हैं। वीसी अथवा ओएवीएम के माध्यम से भाग लेने वाले सदस्यों को कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 103 के तहत कोरम की गणना के प्रयोजन हेतु गिना जाएगा।

एजीएम की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट कम्पनी की वेबसाइट पर https://www.aionjsw.in/investors/annual-report और स्टॉक एक्सचेंजेस जहां कम्पनी के शेयर सूचीबद्ध है अर्थात बीएसई लिमिटेड (https://www.bseindia.com) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (https://www.nseindia.com) पर उपलब्ध करवाई जाएंगी।

सदस्य अपने वोट को इलेक्ट्रॉनिक रूप से एजीएम की सूचना के अनुसार दूरस्थ रूप से (दूरस्थ ई-वोटिंग अवधि के दौरान) या एजीएम के दौरान इलेक्ट्रॉनिक रूप से (जब वार्षिक सामान्य बैठक के अध्यक्ष ई-वोटिंग के लिए विंडो निर्देश सक्रिय कर देते है), वोट डाल सकेंगे।

यदि आपका ईमेल पता कंपनी / डिपॉजिटरी के साथ पंजीकृत है, तो आपके ई-मेल पते पर दूरस्थ ई-वोटिंग के लिए लॉगिन क्रेडेंशियल भेजे जा रहे हैं।

यदि आपका ई-मेल पता पंजीकृत नहीं है तो सदस्यों को नीचे दी गई प्रक्रिया द्वारा इसको पंजीकृत / अद्यतन करवाने का आग्रह किया जाता है।

ए) डिमैट फॉर्म में शेयरधारण करने वाले सदस्यों को उनकी सम्बन्धित डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स के पास अपनी ई-मेल आईडी पंजीकृत/अद्यतन करवाने का आग्रह किया जाता है।

बी) भौतिक रूप में शेयर रखने वाले सदस्य जिन्होंने कंपनी के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट के साथ अपने ईमेल पते पंजीकृत नहीं किए हैं, उनसे अनुरोध है कि वे कंपनी के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट, एमसीएस शेयर ट्रांसफर एजेंट लिमिटेड (RTA) के साथ अपने ईमेल पते और मोबाइल नंबर को ई-मेल (admin@mcsregistrars.com) से पंजीकृत/अपडेट (अद्यतन) करें। अनुरोध भेजने के साथ-साथ ईमेल द्वारा पैन कार्ड और आधार कार्ड/ पासपोर्ट/ड्राइविंग लाइसेंस की स्व-सत्यापित स्कैन की गई प्रतिलिपि प्रदान करें ताकि सदस्य वार्षिक रिपोर्ट, एजीएम नोटिस और ई-वोटिंग निर्देश आदि अपने ईमेल पते पर प्राप्त करें।

सदस्यों से दूरस्थ ई-वोटिंग और एजीएम में ई-वोटिंग तथा वीडियो कांफ्रैंसिंग के माध्यम से एजीएम में भाग लेने के तरीके और प्रक्रिया से सम्बन्धित एजीएम सूचना में उपलब्ध करवाए गए निर्देशों को ध्यान से पढ़ने का आग्रह किया जाता है। किसी पूछताछ के मामले में दि आरटीए के प्रतिनिधि श्री अमर जीत सिंह से फोन नं. 011-41406149/48 अथवा फैक्स : 011- 41709881 अथवा admin@mcsregistrars.com पर ई-मेल द्वारा सम्पर्क करें।

उपरोक्त जानकारी कम्पनी के सभी सदस्यों के फायदे और सूचना हेतु तथा एमसीए परिपत्र और सेबी परिपत्र के अनुपालन में जारी की जा रही है।

कृते मोनेट इस्पात एंड एनर्जी लिमिटेड
हस्ता/
अजय कढ़व
कम्पनी सेक्रेटरी

दिनांक : 23 जून, 2020
स्थान : मुम्बई